आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–17 अप्रैल 2024 सान्ध्य समाचार

प्रदेश में पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए चुनाव प्रचार का शोर आज शाम थम गया है। पहले चरण में प्रदेश के सहारनपुर, कैराना, मुज्जफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। सभी जनपदों में सुरक्षा के लिहाज से पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मतदान स्थलों पर सुरक्षा कर्मियों और मतदान कर्मियों की तैनाती की प्रक्रिया भी आखिरी चरण में आ गई है। इससे पहले सभी प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। गाजियाबाद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर अपनी पार्टी के लिए समर्थन मांगा। उधर,, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सहारनपुर में रोड शो के माध्यम से अपनी पार्टी को वोट देने की अपील की।

****

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की अधिसूचना कल जारी होगी। इस चरण में प्रदेश की तेरह लोकसभा सीटों पर चुनाव सम्पन्न होंगे। चुनाव आयोग के अनुसार चौथे चरण में प्रदेश के शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच की लोकसभा सीटें शामिल हैं। इन सीटों पर नामांकन 25 अप्रैल तक दाखिल किये जा सकते हैं।

****

अयोध्या के राम मंदिर में पहली बार रामनवमी का पर्व आज हर्षोल्लास के बीच मनाया गया, जहां रामलला के भव्य सूर्य तिलक का दर्शन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। पूरा राम मंदिर परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। इस दौरान सरयू के तट से लेकर रामपथ, धर्मपथ और मंदिर परिसर में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित नजर आये। प्रस्तुत है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

संपूर्ण विश्व के सनातन धर्मी आज अयोध्या में नवनिर्मित दिव्य और भव्य राम मंदिर में प्राकट्य होते ही रामलला के ललाट पर भगवान दिवाकर के किरणों से रचे तिलक के ऐतिहासिक,अद्भुत और अनूठे दृश्य के साक्षी बने, जिसे देश के पारंगत वैज्ञानिकों ने चार वर्ष के अभ्यास और अनुसंधान से साकार किया,श्री राम जन्मोत्सव से पहले रामलला को नए वस्त्र पहनाए गए और साथ ही नए आभूषण और नया मुकुट भी धारण कराया गया,श्री राम संकीर्तन और वेद मंत्रोच्चारण के बीच अपने आराध्य को धरा पर अवतरित होते देख भक्त भाव विभोर होकर जयकारे लगाने लगे,भगवान राम लला को 56 प्रकार के भोग लगाकर प्रसाद सुरक्षा बलों और निर्माण कर्मियों सहित परिसर में उपस्थित 7000 सेवकों और श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।अयोध्या में हर और जन्मोत्सव के बधाई गान और जय घोष गूंज रहे हैं। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रामलला के सूर्य तिलक को डिजिटल माध्यम से देखा। सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से श्री मोदी ने कहा कि लाखों भारतीयों की तरह यह उनके लिए भी एक भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि अयोध्या की भव्य रामनवमी ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने कामना की कि सूर्य तिलक सभी के जीवन में ऊर्जा का संचार करे। उन्होंने इस तिलक से राष्ट्र को गौरव की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की प्रेरणा मिलने की भी कामना की।

****

वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि के अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठ परंपरा के अनुसार नौ कन्याओं का पूजन कर शक्ति की आराधना की। कन्या पूजन से पहले गोरक्षपीठाधीश्वर ने नवमी के अवसर पर यज्ञशाला में वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच हवन भी किया। इसके बाद रामनवमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के रामदरबार में भगवान राम की आरती उतारी और उन्हें पालने में झुलाकर मंगलकामना की। उन्होंने प्रदेश वासियों को रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि हजारों वर्ष के बाद भी हम सबके ह्रदय में भगवान राम विराजमान हैं। उनकी कृपा चराचर जगत पर बनी रहे।

****

शक्ति उपासना के पावन पर्व चैत नवरात्रि की नवमी तिथि को आज प्रदेश भर के मंदिरों में देवी मां की पूजा और आराधना की जा रही है। इस क्रम में वाराणसी में वासंतिक नवरात्र के आखिरी दिन मंगल कामनाओं और जयकारों के बीच महालक्ष्मी गौरी की पूजा–अर्चना की गई। मां के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं का तांता मंदिर प्रांगण में देर रात तक लगा रहा। मां महालक्ष्मी गौरी की सुबह साढ़े चार बजे पंचामृत स्नान के पश्चात 108 दीपों से मंगला आरती उतारी गई।

गोरखपुर जनपद में चैत नवरात्र की नवमीं को आज श्रद्धालु माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना सुबह से ही कर रहे हैं। शहर के गोलघर काली मंदिर, बुढ़िया माता मंदिर, तरकुलहा देवी मंदिर ,जंगल कौड़िया दुर्गा मंदिर इत्यादि मंदिरों में सुबह से ही माता की पूजा अर्चना की जा रही है।

****

संघ लोक सेवा आयोग ने कल सिविल सर्विसेज परीक्षा–दो हजार तेइस का अन्तिम परिणाम घोषित कर दिया है। कुल एक हजार सोलह अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा में सफलता हासिल की है। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने इस परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि गोरखपुर की नौशीन ने ऑल इण्डिया नौवीं रैंक और महराजगंज की ऐश्वर्यम प्रजापति ने दसवीं रैंक हासिल की है। इनके अलावा अम्बेडकरनगर के आकाश वर्मा ने बीसवीं रैंक हासिल की है। आकाशवाणी गोरखपुर के सहायक निदेशक अभियांत्रिक अब्दुल कयूम

की बेटी नौशीन ने चौथे प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की है। नौशीन ने रैंपस स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा हासिल करने के बाद स्नातक की पढाई दिल्ली विश्वविद्यालय के एसजी टीबी खालसा कॉलेज से पूरी की है।

****